**दिनांक : 18.10.2025**

# आवश्यक सूचना

**(पी-एच.डी. पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों के आवेदन पत्रों में स्पष्टीकरण के सन्दर्भ में)**

विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञापित पी-एच.डी. प्रवेश सत्र 2025-26 के अंतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों की स्क्रीनिंग समिति द्वारा प्रारंभिक जाँच के उपरांत यह पाया गया है कि कुछ अभ्यर्थियों के आवेदन पत्रों में आवश्यक विवरण, प्रमाणपत्र या दस्तावेज आंशिक अथवा अपूर्ण रूप में संलग्न हैं तथा कुछ कमियाँ हैं। जिन अभ्यर्थियों के आवेदन पत्रों में आपत्तियाँ/कमियाँ पाई गई हैं उन्हें समर्थ पोर्टल से स्क्रीनिंग के दौरान ऑटोमेटिक मेल से सूचना प्रदान की गई है तथा अभ्यर्थियों के प्रवेश पोर्टल में भी सूचना प्रदान की गई है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमानुसार जून 2024 से पूर्व नेट (UGC-NET) उत्तीर्ण अभ्यर्थी पी-एच.डी. प्रवेश हेतु योग्य नहीं है। इसलिए स्क्रीनिंग समिति ने जून 2024 तथा उसके पश्चात नेट परीक्षा में तीनों में से किसी एक कैटेगरी में उत्तीर्ण अभ्यर्थी को साक्षात्कार हेतु योग्य माना गया है। इसके साथ-साथ आवेदन भरने की अंतिम तिथि (08.08.2025) तक जिन अभ्यर्थियों का जे.आर.एफ. (JRF) प्रमाणपत्र वैध था। केवल उन्हें साक्षात्कार हेतु योग्य माना गया है। आरक्षण का लाभ केवल उत्तर प्रदेश के मूल निवासी को प्राप्त होगा। पी-एच.डी. प्रवेश हेतु परास्नातक में 55% (SC/ST/OBC-NCL/EWS/PwD-50%) अंक होना अनिवार्य है।

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार जिन अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र में कमियाँ है, उनको अपना स्पष्टीकरण देने हेतु **दिनांक: 25.10.2025** तक अवसर प्रदान किया जा रहा है। ऐसे अभ्यर्थी अपना स्पष्टीकरण ईमेल **phd_admission@prsuniv.ac.in** में भेज सकते हैं अन्यथा उनके आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जा सकेगा। ईमेल करते समय अभ्यर्थी अपने फॉर्म नम्बर एवं विषय का स्पष्ट उल्लेख करें। जिससे उसके आवेदन पत्र की पहचान करके पुनः जाँच की जा सके। अन्तिम तिथि के पश्चात आये ईमेल पर विचार नहीं किया जायेगा। आपके सन्दर्भ हेतु समस्त विषयों के ऐसे अभ्यर्थियों की सूची संलग्न की जा रही है।

जिन अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार की आपत्ति नहीं हैं। उन्हें ईमेल करने की आवश्यकता नहीं है। स्क्रीनिंग समिति द्वारा जाँच में उचित पाए गए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार नवम्बर माह के प्रथम सप्ताह में प्रस्तावित हैं।

Vivek Singh

**प्रो. (विवेक कुमार सिंह)**
निदेशक प्रवेश, 2025-26,
निदेशक, शोध
पी.आर.एस.यू., प्रयागराज

**प्रतिलिप: सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत:-**

1. माननीय कुलपति जी, पी.आर.एस.यू. प्रयागराज।
2. कुलसचिव, पी.आर.एस.यू. प्रयागराज।
3. वित्त अधिकारी, पी.आर.एस.यू. प्रयागराज।
4. प्रभारी, समर्थ सेल को अभ्यर्थियों को सूचित करने हेतु।
5. वेब मैनेजर को विश्वविद्यालय की वेबसाइट में सूचना अपलोड करने हेतु।